जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 7734 / 2024

दिनांकः 25 जनवरी, 2025

शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक,
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः–अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (A.I.S.H.E.) पोर्टल पर डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 का डाटा अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक राज्य नोडल अधिकारी, अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण के पत्र संख्याः 141 / SNO-UP / AISHE / 8 / 19, दिनांकः 20 जनवरी, 2025 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (A.I.S.H.E.) पोर्टल पर डी0सी0एफ0 / टी0सी0एफ0 का डाटा अपलोड किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

तत्क्रम में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि **दिनांकः 30 जनवरी, 2025 तक** अपना **डी0सी0एफ0 / टी0सी0एफ0** का डाटा अनिवार्यरूपेण aishe.gov.in पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें, अन्यथा की दशा में सम्बन्धित महाविद्यालय की मान्यता / सम्बद्धता भविष्य में स्थायी रूप से समाप्त किये जाने की कार्यवाही नियमानुसार संस्थित कर दी जायेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

नोटः– उपरोक्तानुक्रम में किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता हेतु अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (A.I.S.H.E.) नोडल अधिकारी, डॉ0 शशिभूषण, मोबाईल नम्बर–7007671951 पर सम्पर्क करते हुए यथोचित कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थः–

01. माननीय कुलपति जी।
02. डॉ0 शशिभूषण, नोडल अधिकारी, अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (A.I.S.H.E.), जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया को तद्नुक्रम में सूचनार्थ प्रेषित।
03. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने एवं कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
04. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
05. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया, उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.in E-mail :- jncuballia@gmail.com